तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



14 डस्टबिन और कंटेनर नहीं होने से सड़क पर डंप हो रहा कचरा





16 भिलाई में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के लिए ऋण मेला









## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार के साथ घूमने वाले पकड़े गए

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ घूमने वाले और लोगों को धमकाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि तीन अलग-अलग क्षेत्र में धारदार हथियार चाकू तलवार दिखाकर लोगो को डरा धमका वाले मिलपारा डिपरा दुर्ग निवासी रुपेश यादव, गंजपारा अंकित दुबे ,शिप्रापारा मिहिर सोनी को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से धारदार चाकू जब्त किया। तीनों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

### एक्टिवा में लगाई आग अपराध दर्ज

**भिलाई।** वाहन में आग लगाकर फरार होने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि उषा नाग ने शिकायत किया है कि बैंक से फायनेंनस से एक्टिवा 6 जी खरीदी थी। जिसे 26 अक्टूबर की रात अज्ञात ने आग लगाकर फरार हो गया। घटना रात 1 बजे की है, एक्टीवा में पेट्रोल डाल कर आग लगाया गया है। घटना में एक्टीवा पूरी तरह से जल गई। परिजनों ने आग के लपेटे को देख बुझाने का प्रयास किया लेकिन एक्टिवा पूरी तरह जल गई।

### फार्म हाउस से एक लाख के समान की चोरी



**सेलूद।** ग्राम अचानकपुर में फुंडा मार्ग पर स्थित चौधरी फार्म हाउस से करीब एक लाख रुपए के सामान की चोरी हो गई है। पुलिस तफ्तीश कर रही है, फिलहाल आरोपी पकड़ से बाहर है। जानकारी के मुताबिक फार्म हाउस में कमरा बना हुआ है। जहां खाना बनाने का सामान और एसी सहित अन्य समान रखा हुआ था। बीती रात अज्ञात चोर ने यहां ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसकी सूचना खेत के मालिक श्वेता चौधरी ने उतई थाना में दी है। जानकारी के मुताबिक खाना बनाने का बर्तन, सीसी टीवी का सेटअप बॉक्स, बाथरूम में नल का समान और मोटर पंप का वायर सहित अन्य समान चोरी गया है। वही कुछ सामान को आग के हवाले भी कर दिया गया है। उतई पुलिस को सूचना दी गई है।

## खरसिया से नया रायपुर- दुर्ग होकर परमालकसा तक बिछना है नया ट्रैक

# रेलवे लाइन के लिए 25 गांवों में जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक, किसानों ने कहा-नहीं देंगे जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंचकर दर्ज कराया विरोध, 20 अगस्त को जारी हुई थी अधिसूचना**

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को नई रेल लाइन बिछाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह रेलवे लाइन खरसिया से नया रायपुर-परमालकसा (दुर्ग-राजनांदगांव के बीच) करीब 278 किलोमीटर तक बिछाई जानी है। इस लाइन के बिछने से मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे लाइन पर ट्रेनों के ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इसके लिए यह पांचवी और छठवीं पाइपलाइन प्रस्तावित की गई है। इस रेलवे लाइन के लिए फिलहाल भिलाई-तीन और पाटन क्षेत्र में सर्वे का काम चल रही है।

दुर्ग जिले के करीब 25 गांव इस रेलवे लाइन की जद में आ रहे हैं। इसे देखते हुए इन गांवों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर शासन ने रोक लगा दी है। वहीं गांव के किसानों ने भूअर्जन के लिए जमीन नहीं देने का निर्णय लिया। इसे लेकर ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने शासकीय प्रक्रिया का विरोध किया। उन्होंने कहा कि तत्काल जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक को हटाया जाए। अन्यथा किसानों को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। किसानों ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान डालेश साहू, बालाराम साहू, बंटी सहित अन्य मौजूद थे। किसानों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (की प्रस्तावित खरसिया–नया रायपुर–परमलकसा रेल परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया अपारदर्शी, एकतरफा और मनमाना निर्णय है। किसानों की उक्त पुस्तैनी जमीन जीविका का एक मात्र साधन है। बिना ग्रामसभा की बैठक या प्रभावितों की सहमति के यह निर्णय संविधान के प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है।



### 8714 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में बिछनी है 278 किमी लंबी लाइन

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 8,741 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना में काम होना है। इस परियोजना के माध्यम से बलौदाबाजार जिले के साथ ही अन्य क्षेत्रों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इस परियोजना के साथ ही इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। 278 किमी लंबा यह रेलमार्ग होगा, जिसके लिए 615 किमी ट्रैक बिछाई जाएगी। कुल 21 स्टेशनों से होकर यह रेलवे लाइन गुजरेगी। इसके लिए 48 बड़े पुल, 349 छोटे पुल, 14 आरओबी, 184 आरयूबी, 5 रेल फ्लाईओवर का काम होगा। राज्य के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाजार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जिले के लोगों को इसका फायदा होगा।

### दुर्ग जिले में इन ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन का होना है अधिग्रहण, 24 से ज्यादा गांव के लोग प्रभावित

अधिकारियों के मुताबिक दुर्ग जिले घुघसीडीह, खोपली, बोरिगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, भानपुरी, चंद्रखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद, पाउवारा, ठकुराईनटोला, बठेना, देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा सहित आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की जमीनों का अधिग्रहण होना है। इसे देखते हुए ही इन क्षेत्रों की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई गई है।

### शासन के आदेश पर लिया गया निर्णय

शासन के आदेश पर खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई गई है। वर्तमान में भिलाई-तीन और पाटन अनुभाग में सर्वे का कार्य चल रहा है। किसानों की आपत्तियों से शासन को अवगत कराया जाएगा। शासन का जैसा आदेश होगा, वैसी ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-हितेश पिस्दा,** एसडीएम भिलाईनगर

# शहर में रात 11 बजे के बाद नहीं खुले रहेंगे स्पा सेंटर, अवैध काम रोकने थाना पुलिस करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- भिलाई-दुर्ग के सभी सेंटरों की लिस्ट तैयार, एसएसपी ने जारी किए जांच के निर्देश

स्पा सेंटरों में चल रहे अवैध कारोबार और देर रात खुलने वाले ऐसे सेंटर पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अभियान चलाकर लगातार स्पा सेंटरों पर कार्रवाई कर रही है। स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में 40 स्पा सेंटर संचालित हैं, इसमें कुछ पर कार्रवाई भी हो चुकी है। इसी तरह भिलाई-दुर्ग में सैकड़ों की संख्या में खुल चुके हैं।

स्पा के अलावा कई अवैध काम होने की भी शिकायतें सामने आते रही हैं। स्पा सेंटरों पर कार्रवाई करने के लिए थाना क्षेत्र में टीम बनाई गई है। उक्त संेटरों की हर जानकारी अब थानेदार को अपने पास रखना होगा। इसके अलावा स्पा सेंटरों में विदेशी आते हैं, उनकी सारी जानकारी विभाग को अवगत भी कराना अनिवार्य है। जिस सेंटर में अवैध कारोबार की शिकायत मिलने पर उसका गुमास्ता कैंसल करने की प्रक्रिया की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक अब स्पा सेंटर खोलने के लिए हर परेशानियों से अब खुल पाएगा।

पहले गुमास्ता आसानी से बन जाया करता था। अब यह नहीं बन पाएग, किसी भी स्पा सेंटर की शिकायत मिलने पर पुलिस जांच करेगी। स्पा सेंटर से जुड़े लोगों द्वारा चलाए जा रहें अवैध कारोबार को लेकर अब पुलिस सख्त हो गई है। जिले में खुलने वाले स्पा सेंटरों पर अब पुलिस की पैनी नजर होगी। फिलहाल भिलाई नगर में 3, सुपेला में 4, स्मृति नगर में 40, मोहन नगर में 2, पुलगांव में 1 स्पा सेंटर संचालित है।

### देर रात खुलने पर जुर्माना

अवैध कारोबार की शिकायत मिलने पर शहर के स्पा सेंटर अब देर रात 11 बजे तक नहीं खुल पाएगें। इन सेंटरों को लेकर अब पुलिस के निशाने पर होंगे। नियम का उलंघन करने पर स्पा सेंटर पर कार्रवाई किया जाएगा। इसके लिए पुलिस अपनी टीम तैयार कर रखी है। गुमास्ता लाइसेंस कैंसल करने के बाद नियम शर्तो पर चलना होगा। अब पुलिस की पेट्रोलिंग भी स्पा सेंटरों पर पैनी नजर लगाकर रखेगी। विदेश से आकर स्पा सेंटर में काम करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है।

### स्पा सेंटर पर जांच के बाद होगी कार्रवाई



देर रात तक स्पा सेंटर चलाने वालों पर होगी कार्रवाई। थाना चौकी को निर्देशित किया गया है। अवैध कारोबार करने वालों को नहीं बख्सा जाएगा। पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है।

**-विजय अग्रवाल,** एसएसपी

### स्पा सेंटरों का सेन ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** जिला सर्व नाई (सेन) समाज दुर्ग अध्यक्ष भीखम सेन ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात किया। इस दौरान जिले में चल रहे स्पा सेंटर के नाम पर अवैध कारोबार करने वालों का गुमास्ता लाइसेंस की अनुमति नहीं देने की मांग की है। इसके अलावा सेलुन कारोबार के आड में अवैध काम करने वालों की जांच कर दोषी पर अजीवन स्पा सेंटर नहीं खोलने की कार्रवाई करने की बात रखा है। स्पा सेंटर में अब से सेलुन या ब्यूटी पार्लर लिखे जाने की भी मांग की है। जिससे सेलुन व्यवसाय सुरक्षित रह सके। इस दौरान समाज के प्रदेश सचिव अशोक सेन, संतोष सेन, मंधीर सेन , अनिल सेन, बालेश्वर सेन समेत समाज के लोग मौजूद थे।

# आरक्षक की बाइक को आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जुए के अड्डे में दबिश देने पहुंचे आरक्षक की बाइक में आग लगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि आरोपी का नाम नेवई भाठा निवासी दुलेश्वर ठाकुर उर्फ गोल्टू है। घटना 19 अक्टूबर की देर रात करीब 12 बजे नेवई पुलिस को सूचना मिलने पर नेवई भाठा नर्सरी के भीतर पहुंची। जहां युवकों द्वारा जुआ खेला जा रहा था। पुलिसकर्मियों ने अपनी-अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर नर्सरी के भीतर दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा। कार्रवाई के बाद जब पुलिसकर्मी बाहर लौटे तो



सड़क किनारे खड़ी बाइक में आग लगी हुई है। बाइक आरक्षक भूमिन्द्र वर्मा का था। जांच के बाद पचा चला कि बाइक में आग लगाने वाला दुलेश्वर ठाकुर है। उसकी खोजबीन कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि जुआ दबिश के दौरान पुलिस की कार्रवाई से नाराज होकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# तहसीलदार से मारपीट, गालीगलौच और शासकीय कार्य में बाधा के मामले में आरोपी को मिला संदेह का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**न्यायाधीश विरेंद्र सिंह के न्यायालय से आया फैसला**

तत्कालीन तहसीलदार आरबी देवांगन से मारपीट, गाली गलौच और शासकीय कार्य में बाधा के चर्चित मामले में बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने आरोपी मनोहर ज्ञानचंदानी को संदेह का लाभ देते हुए लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है।

न्यायाधीश विरेंद्र सिंह के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के विचारण के बाद कोर्ट ने पाया कि कई साक्ष्यिों के बयान विरोधाभास हैं, जो लगाए गए आरोपों को प्रमाणित नहीं करते हैं। इस आधार पर कोर्ट ने इस चर्चित मामले में निर्णय सुनाया। प्रकरण के मुताबिक घटना 2 सितंबर 2014 को दोपहर करीब 2.45 बजे की है। तहसील कार्यालय के भृत्य भूषण गौतम ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

उन्होंने तहसीलदार का लिखित शिकायत प्रस्तुत किया, जिसमें कहा गया कि पुराने विवाद के कारण आरोपी मनोहर ज्ञानचंदानी तहसीलदार से गाली गलौच कर रहा है। मारपीट की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा शासकीय कार्य में बाधा डाल रहा है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 186, 353, 323, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण को न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। इस मामले को लेकर उस समय खूब हंगामा भी हुआ। बता दें कि तहसीलदार के खिलाफ एसीबी और ईओडब्लू में अब भी मामले लंबित हैं। इसमें एक मामला एसीबी में डोंगरगढ़ में 5 हजार रुपए की रिश्वत लेने का मामला है। वहीं एक मामला ईओडब्लू में ग्राम अरसनारा की सरकारी जमीन को बेचने का आरोप है। दोनों ही मामले विचाराधीन हैं। बता दें कि उस समय यह मामला चर्चा में रहा।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


## बंगाल की खाड़ी से चक्रवात की वजह से पूरे दिन छाए रहे बादल, हुई हल्की बारिश

# बादल और बारिश ने बिगाड़ी जिले की सेहत, सर्दी-बुखार के मरीज बढ़े, टमाटर और धान की फसल को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में मौसम की बेरूखी का क्रम जारी है। मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। इतना ही नहीं जिले के अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई। इसकी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिले से मानसून भले ही रुखसत हो चुका है, लेकिन बारिश की संभावना अब भी बनी हुई है।

मौसम विभाग की मानें तो चक्रवात के असर से जिले में बारिश के आसार बन गए हैं। 29 अक्टूबर को तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। इधर खेत में धान की फसल पककर लगभग तैयार हो गई है। ऐसे समय में बारिश होने से फसल को खासा नुकसान हुआ है। बालियां गिरने लगी है। वहीं तेज बारिश होने की स्थिति में फसल काटना भी मुश्किल होगा। इस वजह से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डिप्रेशन लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसका असर 29 अक्टूबर को दुर्ग में और अधिक देखने को मिलेगा। 30 अक्टूबर के बाद ही मौसम खुलने की संभावना जताई जा रही है। इधर मौसम के बदलाव की वजह से टमाटर की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। सर्दी-बुखार और वायरल इन्फैक्शन के मरीज बढ़े हैं।



**अक्टूबर माह में ही 70.2 मिमी से ज्यादा बारिश :** सामान्य तौर पर बारिश का समय 1 जून से 30 सितंबर तक माना गया है। इस बार अक्टूबर महीने में भी बारिश हो रही है। 1 से 26 अक्टूबर के मध्य जिले में 70.2 मिलीमीटर पानी गिर चुका है। यह सामान्य औसत 49 मिमी से 43 फीसदी ज्यादा है। इस प्रकार जिले में 1 जून से अब तक 736.1 मिलीमीटर पानी गिर चुका है। यह अब तक होने वाली औसत बारिश 1033 से कम है। सीजन में औसत से कम बारिश हुई है। बारिश का मौसम गुजर चुका है, फिर भी बारिश हो रही है।

### दिन में ठंडी, रात में गर्मी महसूस हो रही

पिछले सप्ताह ट्विनसिटी में तापमान उतार-चढ़ाव देखने को मिला। 19 से 24 अक्टूबर तक दिन का अधिकतम तापमान लगातार 32 से 33 डिग्री के आसपास बना रहा, लेकिन 25 अक्टूबर को अचानक गिरकर 30.6 डिग्री पर पहुंच गया। यानी बारिश और बादलों से सूरज की तपिश कम हुई और दिन में गर्मी घट गई। दूसरी ओर रात का तापमान नीचे आया। शुरुआत में 18 से 19 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकार्ड हुआ। सप्ताह के अंत में यह बढ़कर 23.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मंगलवार को जिले का तापमान 30.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री तक कम था।

### किसानों की मेहनत पर पानी फेरने वाला मौसम

कृषि विशेषज्ञों की मानें तो यह मौसम किसानों की मेहनत पर पानी फेरने जैसा हो गया है। धान, सोयाबीन के साथ ही अब टमाटर लगभग खराब हो चुकी है। जिले से देश के कई राज्यों में टमाटर की सप्लाई होती है, लेकिन इस बार किसानों को भारी नुकसान हुआ है। बादल की वजह से टमाटर समय से पहले पकने लगे हैं। काले दाग-धब्बे के साथ वह डाल पर लगे लगे ही सड़ने लगे हैं। साइज भी काफी छोटा हो गया है। उद्यानिकी विभाग की माने तो जिले में करीब 1 हजार किसानों ने करीब 4 हेक्टेयर में टमाटर की फसल लगाई है।




# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है। **मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक**

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

खबर संक्षेप

### राम जानकी मंदिर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का आतंक पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**भिलाई।** खुर्सीपार लक्ष्मी नारायण वार्ड 44, राम जानकी मंदिर क्षेत्र में देर रात तक चल रही असामाजिक और गैर-कानूनी गतिविधियों ने स्थानीय निवासियों में भारी दहशत पैदा कर दी है। मोहल्लेवासियों ने खुर्सीपार थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए गश्त बढ़ाने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि देर रात 11 बजे के बाद मंदिर के सामने वाली सड़क पर कुछ युवक खुलेआम गांजा और शराब का सेवन करते हैं, अभद्र गालियां देते हैं। विरोध करने पर धमकी दी जाती है। असामाजिक तत्वों के कारण महिलाएं और लड़कियां छेड़छाड़ की शिकार हो रही हैं और उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पूरे मोहल्ले में भय और अशांति का माहौल है। आप नेता जसप्रीत सिंग ने मोहल्लेवासियों का समर्थन करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। जसप्रीत सिंग ने कहा इलाके में असामाजिक तत्वों का आतंक बहुत चिंताजनक है। हमारी मांग है कि पुलिस प्रशासन इस अति-संवेदनशील मामले का संज्ञान ले और पेट्रोलिंग को तत्काल प्रभाव से बढ़ाए।

### एल्यूमिनियम फैक्ट्री में लगी आग, दो दमकल ने बुझायी



**भिलाई।** एल्युमिनियम फैक्ट्री में अचानक आग लग जाने से आसपास में अफरा तफरी मच गई। आग फैक्ट्री के भीतर मौजूद मशीनरी और एल्युमिनियम पाउडर में तेजी से फैल रही थी। मौके पर फायर ब्रिगेड की 2 दमकल वाहन तुरंत पहुंची और एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पाटन स्थित ग्राम पुनेडीह स्थित अनुभव एल्युमिनियम वर्क प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। सूचना पर दमकल वाहन पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी में फैक्ट्री के मशीनरी और सामग्री को नुकसान हुआ है, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अज्ञात कारणों से फैक्ट्री में आगजनी होना बताया जा रहा है। घटना की जांच पाटन कर रही है। जांच के बाद ही आगजनी की घटना स्पष्ट हो पाएगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक दुर्ग अग्निशमन की दो दमकल वाहन मौके के लिए रवाना की गईं। फायर ब्रिगेड की टीम ने कुछ ही समय में पुनेडीह पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। घटना में कितने का नुकसान हुआ है जानकारी नहीं मिल पाई है। दल प्रभारी भगवती बंजारे एवं प्रवीण बार के नेतृत्व में फायर कर्मी कुलेश्वर सिंह, नितिन रामटेक, प्रवीण सिंह और पराग भोसले ने मौके पर पहुंचे थे।

# सुपेला से गदा चौक तक चला निगम का बुलडोजर, कब्जाधारियों में भगदड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई ने मंगलवार को जोन-1 और जोन-2 क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। निगम आयुक्त के निर्देश पर यह अभियान सुपेला घड़ी चौक से लेकर गदा चौक तक चला। दोनों ओर सड़कों और नालों पर बने अवैध कब्जों को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। कई लोग टाइल्स बिछाकर रखे थे, उसे भी उखाड़ दिया गया। कार्रवाई शुरू होते ही लक्ष्मी नगर और संडे बाजार इलाके में हड़कंप मच गया। निगम का तोड़फोड़ दस्ता पहुंचते ही कब्जाधारी और सड़क पर दुकान लगाने वाले व्यापारी अपना सामान समेटने लगे। कई लोगों ने निगम की कार्रवाई से पहले ही खुद ही कब्जा हटा लिया।

## जेसीबी से ढहाए गए अवैध कब्जे, आयुक्त के निर्देश पर की गई कार्रवाई





### 30500 रुपए का किया चालान

कार्रवाई सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। जोन 1 एवं 2 मिलाकर कुल 90 दुकानों के सामने बांस बल्ली से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। जोन 2 क्षेत्र के 12 दुकानदारों से सड़क बाधा शुल्क के रूप में 30500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। 7 दुकान के बाहर नाली के ऊपर किए गए कांक्रिट ढलाई को जेसीबी से तोड़ा गया है।

वार्ड प्रभारी नंद कुमार सिन्हा ने बताया कि अवैध निर्माणों और नालों पर कब्जा हटाने का यह अभियान आयुक्त के निर्देश पर चलाया गया है। जोन-1 से सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, प्रसन्न तिवारी, वार्ड प्रभारी विनोद शुक्ला और जोन-2 से सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, तोड़फोड़ प्रभारी हीरोम गुप्ता और अंजनी सिंह सहित निगम की पूरी टीम मौके पर मौजूद रही। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सड़क और नालों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई की जाएगी।

### चार साल बाद भी वेतन समझौता नहीं होने से बढ़ रहा असंतोष

# ठेका मजदूर हैं भिलाई इस्पात संयंत्र का भविष्य, फिर भी नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों ठेका मजदूरों के वेतन समझौता को लेकर उच्च प्रबंधन की उदासीनता का खामियाजा इस तबके को भुगतना पड़ रहा है। मजदूरों की संख्या नियमित कर्मचारियों से दोगुनी और इनके बराबर योगदान होने के बाद भी वेतन और अन्य सुविधाएं कम होने से असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से श्रमिकों के वेतन समझौता निर्धारण करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में करीबन 25 हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। जबकि नियमित कर्मचारी मात्र 12 हजार ही हैं। यानी नियमित से दोगुनी संख्या में ठेका मजदूर यहां काम कर रहे हैं। पूरे सेल में एक लाख से अधिक मजदूर कार्यरत हैं। यह श्रमिक सीधे उत्पादन को छोड़कर अन्य सारे काम नियमित की तरह कर रहे हैं। लेकिन वेतन और अन्य सुविधाएं एक चौथाई से भी कम हैं। यूनियनों के मुताबिक मजदूरों के जिस तेजी से बीएसपी सहित सेल की अन्य उपक्रमों में नियमित कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं और ठेका मजदूरों की संख्या बढ़ रही है। इसे देखते हुए निकट भविष्य में प्लांट चलाने में ठेका मजदूर मुख्य भूमिका में होंगे। इसके बाद भी अब तक मजदूरों के वेतन समझौता पर सेल प्रबंधन नीम बेहोशी में है। गौरतलब हो कि सभी मजदूर संगठनों द्वारा नियमित की कर्मियों की तरह मजदूरों का भी वेतन समझौता निर्धारण करने की मांग सेल प्रबंधन से की जा रही है। लेकिन न तो उनका वेतन समझौता किया जा रहा है और न ही नियमानुसार वेतन, सुविधाएं आदि दिलवाई जा रही हैं। मजदूरों के चौतरफा शोषण को लेकर लोकल व उच्च प्रबंधन अर्कमण्य बना हुआ है।

## एस- इलेवन ग्रेड के कर्मचारी के बराबर मिले वेतन



### आश्वासन के बाद भी समझौता नहीं

यूनियनों द्वारा पिछले पांच साल से ठेका मजदूरों के लिए वेतन समझौता निर्धारण की मांग की जा रही है। इसके तहत सेल के एस -11 ग्रेड के कर्मचारी के वेतन के बराबर वेतन निर्धारण करने की मांग की जा रही है। इसी हिसाब से बोनस, सभी भत्ते और प्रमोशन आदि सुविधाएं भी मिलें। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि 4 साल पूर्व दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में मजदूरों के वेतन समझौता की मांग सभी यूनियनों ने एकजुटता से की थी। प्रबंधन ने आश्वासन भी दिया था। लेकिन अब तक परिणाम शून्य होने से मजदूरों में असंतोष बढ़ रहा है। बीएसपी में सभी कार्यों में श्रमिकों का योगदान नियमित के बराबर होने के बाद भी न्याय नहीं हो रहा है।

### कीर्तिमानों के बाद भी मजदूर शोषित

बीएसपी में वर्क्स और नान वर्क्स में श्रमिक नियमित कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। प्लांट व टाउनशिप हाउस कीपिंग, हेल्थ, शिक्षा, मेंटेनेंस, सफाई आदि सभी क्षेत्रों में हजारों पुरुष महिला मजदूर योगदान दे रहे हैं। अकुशल, कुशल,अर्धकुशल चार श्रेणियों के श्रमिक काम कर रहे हैं लेकिन वेतन 4 हजार से 7 हजार तक ही है। बोनस भी 70 प्रतिशत मजदूरों को नहीं मिलता । बाकी को भी बोनस एक्ट के तहत ठेकेदार नहीं देते हैं। पीएफ, विभिन्न भत्ते,सुरक्षा उपकरण आदि में भी डंडी मार रहे हैं। प्रथम नियोक्ता होने के नाते बीएसपी प्रबंधन भी ठेकेदारों पर दबाव बनाने के लोकर सुस्त बना हुआ है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि प्लांट उत्पादन में रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है लेकिन मजदूरों के वेतन , बोनस व पीएफ को लेकर सुस्त बना हुआ है। वेतन समझौता जल्द किया जाए।

# भिलाई में प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों के लिए ऋण मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मकान किस्त जमा करने में दिक्कत झेल रहे हितग्राहियों की मदद के लिए नगर निगम भिलाई ने मंगलवार को आवास ऋण मेला आयोजित किया। यह मेला बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में हुआ।

■ आवास ऋण मेला में 130 लोगों ने लिया हिस्सा

नोडल अधिकारी और अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा ने बताया कि कई हितग्राही आर्थिक तंगी के कारण किस्त नहीं भर पा रहे थे। इसी को देखते हुए कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराने के लिए यह मेला रखा गया। कार्यक्रम में स्वतंत्र बैंक, इजी होम लोन फाइनेंस, आवास लोन फाइनेंस और जना बैंक फाइनेंस जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने आवास ऋण देने के लिए हितग्राहियों से सीधे बातचीत की। करीब 130 हितग्राही मेले में पहुंचे, जिनमें से 12 से 13 लोग ऋण स्वीकृति की श्रेणी में आए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, अभिषेक बजाज, संभागीय सीएलटीसी जीवन ताम्रकार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### बीएसपी फायर सेफ्टी क्वेस्ट स्पर्धा चार को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग द्वारा 4 नवंबर को दोपहर 2 बजे, मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में फायर सेफ्टी क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, आग से संबंधित खतरों एवं सुरक्षा उपायों की समझ विकसित करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और उपयुक्त प्रतिक्रिया देने की क्षमता को सुदृढ़ करना है। रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी गैर-कार्यपालक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेनी की पंजीकरण की अंतिम तिथि 3 नवम्बर है।

# पीजी नर्सिंग कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस वर्ष की थीम “सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी” पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे चित्रकला, निबंध, स्लोगन, तात्कालिक भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा रहा है। हॉस्पिटल सेक्टर स्थित पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में द्विभाषी (हिन्दी एवं अंग्रेज़ी) भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा सभी लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। निर्णायक में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अभिलेखा बिस्वाल और महाप्रबंधक आर. रंजनी थीं। निर्णायक ने प्रतिभागियों के वक्तव्यों का मूल्यांकन करने के साथ “सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी” विषय पर अपने विचार भी साझा किए।

■ विजेताओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में 25 विद्यार्थियों ने साथ सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी” विषय पर विचार व्यक्त किया और समाज में ईमानदारी तथा नैतिक मूल्यों के प्रसार का संदेश दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक रेणु गुप्ता तथा वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका स्नेहा गुहा तथा प्रोफेसर डॉ. श्रीलता पिल्लई ने आभार व्यक्त किया।



### बार एंड रॉड मिल ने रचा नया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने 10 मिलीमीटर टीएमटी बार श्रेणी में 2598 टन (1261 बिलेट्स) का रिकॉर्ड उत्पादन कर नया दिवस कीर्तिमान” स्थापित किया। साथ ही बीआरएम ने 21 सितंबर 2024 को दर्ज 2590 टन (1259 बिलेट्स) के रिकॉर्ड को पार किया।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र तथा कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व विभागाध्यक्ष सीजीएम योगेश शास्त्री ने टीम बीआरएम को बधाई दी है। इस उपलब्धि को पूरे कार्यबल के समर्पण और मेहनत का परिणाम बताया है।

# राज्योत्सव में दुर्ग जिले से हजारों कार्यकर्ता जाएंगे राजधानी रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




नवा रायपुर में 1 नवंबर को रजत जयंती राज्य उत्सव समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होना है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर दुर्ग जिला भाजपा की बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में हुई। आयोजित बैठक में उपस्थित नेताओं के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान कर दुर्ग जिले की उपस्थिति प्रदेश के द्वारा तय गए संख्या के आधार पर करने का आहवन किया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती महोत्सव हम सभी मनाने जा रहे हैं और आप सभी जानते हैं छत्तीसगढ़ की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा की गई थी। इस बार राज्योत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसका नेतृत्व दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के द्वारा किया जाएगा। सर्वप्रथम 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम पटेल चौक से प्रारंभ होगा जो जेल तिरहा के पास खत्म होगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिलीप साहू ने किया आभार जिला मंत्री गिरेश साहू ने किया। बैठक में महापौर अलका बाघमार, उषा टावरी, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, पवन शर्मा, श्याम शर्मा, कुलेश्वरी देवांगन, दयानंद सोनकर, योगेश निक्की भाले, श्वेता अग्रवाल, माया बेलचंदन, अजय तिवारी, शिव चंद्राकर, निशा सोनी आदि मौजूद थे।

## सेक्टर 1, सेक्टर 6 व रिसाली सेक्टर में बढ़े अवैध निर्माण

# टाउनशिप के कई सेक्टरों में गोदाम के रूप में किराए पर उठा दिए गए गैराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के कई सेक्टरों में आवासों के सामने गैराजों के नाम पर बड़े बड़े अवैध गोदाम बनाकर किराए पर उठाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। ऐसे कर्मशियल गोदामों से बीएसपी कर्मचारी हजारों रुपए पीट रहे हैं। क्रास स्ट्रीटों के किनारे बने इन गोदामों से बीएसपी को दोतरफा नुकसान हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के सभी सेक्टरों में बीएसपी क्वार्टरों सामने रहवासियों के दोपहिया व कार आदि रखने के लिए गैराज पहले से बने हुए हैं। रशियन कालोनी सेक्टर 6 और सेक्टर दस और सेक्टर नौ में ऐसे गैरेज टाउनशिप के निर्माण के समय से ही बीएसपी द्वारा बनाए गए थे। इनके अलावा अन्य सभी सेक्टरों में अपने आवासों के सामने खुद रहवासी बीएसपी कर्मियों ने बना रखे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से कई रहवासियों ने सेक्टर 1, सेक्टर 6 और सेक्टर 5 आदि सेक्टरों में जगह जगह गैराज निर्माण कर इन्हें गोदामों के रुप में किराए पर उठा दिए हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर एक में गैराज रोड पर बचत स्तंभ के निकट दो दर्जन से अधिक गैराज कर्मिशियल उद्देश्य से बनाकर इनका उपयोग गोदामों के रुप में हो रहा है। कर्मियों ने अपने गैरेज पावरहाउस मार्केट, खुर्सीपार या सुपेला मार्केट आदि के व्यवसायियों को प्लाईवुड, टाइल्स, सीमेंट और कलपुर्जे आदि रखने के लिए दे रखे हैं। इनका किराया 5 सौ से तीन हजार रुपए तक लिया जा रहा है। कई गोदामों में तो बकायदा सप्लायर व्यवसायियों ने अपने बोर्ड भी लगा रखे हैं। सेक्टर 6 मार्केट व आजाद मार्केट के निकट क्रास स्ट्रीटों में भी कई गैराजों का निर्माण कर गोदाम की तरह किराए पर चलाया जा रहा है। बताते हैं कि कई गोदाम लंबी टिन, टाटा शीट के अलावा ईटों से पक्के भी बनाए गए हैं। क्रास स्ट्रीटों से लगे जगह जगह बनाए गए ऐसे अवैध गोदामों से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है वहीं बीएसपी को संपत्ति व रेवेन्यू का नुकसान भी हो रहा है। मामले में नगर सेवाएं विभाग बेखबर बना हुआ है।






### सेक्टर 6 बना टैंट मार्केट

सेक्टर 6 में टैंट हाउस वालों का कब्जा धड़ल्ले से बढ़ रहा है। सी मार्केट व बी मार्केट के निकट बीएसपी आवासों के नीचे परिसर में कब्जा कर बांस बल्ली, तंबू आदि का सामान रखे हुए हैं। ऐसे कई स्टोर या खुले गोदामों में पांच से सात सैट का सामान भरा पड़ा है। रहवासियों ने बताया कि टैंट हाउस वालों की गाड़ियां भी यहां खड़ी रहती हैं। अवैध कब्जा कर टैंट, कैटरिंग व डीजे का कारोबार करने वाले हजारों रुपए कमा रहे हैं। कई खुले स्टोर बीएसपी आवासों तो कई अनफिट व डिस्मेंटर आवासों के परिसर में संचालित किए जा रहे हैं।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129





● विधि-विधान से हुई छठ पूजा, व्रतधारियों ने मांगा आशीर्वाद, डीजे की धुन में नाचते रहे श्रद्धालु

# उगह हे सूरज देव हुई अरघ के बेर... गीत गाते हुए व्रतियों ने जल में खड़े रहकर दिवाकर का किया इंतजार, अर्घ्य देकर महापर्व का हुआ समापन

**भिलाई।** प्रकृति व धार्मिक आस्था से जुड़ा छठ महापर्व के अंतिम दिन मंगलवार की भोर छठव्रतियों उदित भास्कर को अर्घ्य देकर अपने परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। छठ घाट पर व्रतियों ने सुबह 4 बजे से पानी में रहकर सूर्य देव के उदित होने का इंतजार करते हुए उन्हें जल व दूध का अर्घ्य देकर बच्चों व परिवार की खुशहाली की कामना कर छठ पूजा का पारण किया। ट्विनसिटी के सभी छोटे-बड़े तालाबों में छठ पूजा के अंतिम दिन सुबह मेले जैसा माहौल देखने को मिला। व्रतधारियों ने तालाब के किनारे मिट्टी की बनी बेदी की पूजा कर तालाब में कमर तक पानी में उतरकर सूर्य देव की पूजा की और अर्घ्य दिया। उदित सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सुहागिनें घाट पर एक दूसरे को सिंदूर दान कर प्रसाद बांटे। भिलाई के बैकुंठधाम, सूर्यकुंड छावनी, राधिका नगर, सुपेला, रामनगर, रूआबांधा, सेक्टर-2, सेक्टर-7, भेलवा तालाब कोहका, स्मृति नगर, रिसाली आदि तालाबों को भी सजाया गया था।

### छठ माता की प्रतिमा का किया सोलह श्रृंगार



अनेक व्रतधारियों ने अपने अपने घरों के छत व आंगन पर बेदी व कुंड बनाकर पूजा अर्चना की। इसी कड़ी में पुराना शिव मंदिर कॉलोनी वैशाली नगर निवासी मनोज शुक्ला व उनकी धर्मपत्नि रितु शुक्ला द्वारा घर पर ही वेदी पर बनी छठी मैय्या के मूर्त रुप की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। रितु मनोज शुक्ला ने बताया कि माता के प्रति निष्ठा के चलते वे प्रतिवर्ष माता को रिझाने कुछ नए रुप में माता की आराधना करते आ रहे है। इस कार्य में आस-पड़ोस के लोगो का भी विशेष योगदान रहता है। यहां पूजा करने पहुंचे उमा राजू व प्रिति, श्रुति राजू ने बताया कि वे 4-5 सालों से तालाब के भीड़भाड़ से बचने शुक्ला परिवार में छठ पूजा करने पहुंचकर आराम से विधिविधान से पूजा कर माता का आर्शिवाद लेते है। इस दौरान देर रात तक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा।

### सौहाद्र के पर्व पर पूर्व केबिनेट मंत्री से आशीर्वाद

आपसी भाईचारे व सौहाद्र का महापर्व छठ पूजा में जहां लोग जात-पात को किनारे रख मुस्लिम महिलाओं ने टीका लगाकर छठ का प्रसाद ग्रहण कर अनेकता में एकता का परिचय दिया। वहीं जन नेताओं में भी राजनैतिक पार्टी के पक्ष-विपक्ष को दरकिनार कर केवल छठी मैय्या के गोद में एक साथ प्रेम व्यवहार के साथ नजर आए। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सेक्टर 2 तालाब में पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, पत्नि कृष्णावति पांडेय, बेटा बहु मनीष विनीता पांडेय, बेटी रागिनी पांडेय, भाई प्रशांत संगीता पांडेय सहित पूरा परिवार छठ की पूजा करने उपस्थित थे। इस दौरान घाट पर पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पांडेय, आर्यन पांडेय, ईश्वरी नेताम आदि उपस्थित थे।







### मखाने की गजमाला से किया पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश का स्वागत

छठ पूजा श्रद्धा और शक्ति का प्रतीक है। जिसमें भक्त सूर्य और छट्टी मैया की उपासना करते है। इसी कड़ी में सेक्टर 2 में न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में मंचीय सांस्कृतिक आयोजन किये जाते है। इस अवसर पर मोहम्मद शाहिद आरिफ का आर्केस्ट्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भोजपुरी और हिन्दी में सुमधुर भजनों की प्रस्तुती दी गई। समिति के अध्यक्ष जे श्रीनिवास राव दवरा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय को मखाने की गजमाला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। प्रशांत कुमार क्षीरसागर, प्रहलाद सिंग, राघवेंद्र पाठक सहित हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे।





### महापर्व छठ पूजा कर सूर्यदेव को दिया अर्घ्य

लोक आस्था, श्रद्धा का महापर्व छठ पूजा आस्था, श्रद्धा और पवित्रता के इस महापर्व छठ पूजा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रूआबांधा बस्ती, 02 नेवई डैम, रिसाली कल्याणी शीलता तालाब वीआईपी नगर तालाब, मानोमेंट डैम में आयोजित छठ पूजा में सम्मिलित होकर छठी मईया की पूजा-अर्चना की एवं भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की।





### कच्चे दूध से अर्घ्य देकर किया दान

मंगलवार की सुबह जब भास्कर उदीयमान हो रहे थे, तब सभी व्रती तालाब में उतरकर सूप सहित भगवान सूर्य को दूध से अर्घ्य देते रहे। कई श्रध्दालुओं ने व्रतियों को गाय का कच्चा दूध भी दान किया। ताकि हर कोई दूध से अर्घ्य दे सके। इस छठ महापर्व में गाय के कच्चे दूध का काफी महत्व होता है।



छत्तीसगढ़ के गायक, गायिकाओं की सुरमई संध्या में दी शानदार प्रस्तुति

# सदाबहार गीतों से सजी संगीत की महफिल, ऑडियंस ने की वन्स मोर की डिमांड कर यादगार बनाई शाम

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** कह दूं तुम्हें या चुप रहूं.... हम तो तेरे आशिक है सदियों पुराने....बड़े अच्छे लगते है ये नदिया, ये रैना और तुम... सारे शहर में आपसा कोई नहीं''....... इन सदाबहार गीतों से सजी महफिल में देर तक श्रोता सुमधुर संगीत में डूबे रहे। इस दौरान भिलाई के म्यूजिकल ग्रुप ने लोगो को मंत्रमुग्ध किया। सुर संगीत संगम म्यूज़िकल ग्रुप भिलाई और जबलपुर के कलाकारों के संयुक्त तत्वावधान में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक संगीत की प्रस्तुतियां दी गई। इस आयोजन में शहर के तमाम संगीत प्रेमी, कलाकारों और शहर की आम जनता ने हिस्सा लिया और इस संगीत आयोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध स्टेंडिंग अप कामेडियन के के नाइकर थे। विशिष्ट अतिथि अन्तरराष्ट्रीय जादूगर एस के निगम एवं राजेन्द्र गहरवार उपस्थित थे।



### सुमधुर गीतों ने बांधा समां, संगीतकारों का सम्मान

कार्यक्रम की शुरुआत सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स भिलाई के डायरेक्टर महेश कुमार विनोदिया, अमरजीत सिंह तथा एस के निगम एवं सभी कलाकारों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद''सारे शहर में आपसा कोई नहीं''.... जैसे ही इस गीत को मीनल गोखले और शांताराम वानखेड़े ने अपना स्वर दिया, वैसे ही ताली की गड़गड़ाहटो से शहीद स्मारक का प्रेक्षागृह गूंज उठा, हम तेरे शहर से आए हैं मुसाफिर की तरह..... अमरजीत, कह दूं तुम्हें या चुप रहूं.... शिप्रा मंडल एवं महेश विनोदिया के युगल गीत ने दर्शकों की वन्स मोर की आवाज गूंज उठी, फिर तो जैसे सुरों की बाढ़ सी आ गई। गायिका लीनादास, गीता सोनी, पूर्वी मुखर्जी, शिप्रा मंडल, परीक्षा सिंह राजपूत, मीनल गोखले, प्रकाश चन्द्र बेहरा, सुनील परदेशी, शांताराम वानखेड़े, जेपी चौहान, के पी चौहान, मोहन ताम्रकार प्रमोद सुकरित, महेश कुमार आदि कलाकारों ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। संगीत संयोजन गोलूबेन का रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ संगीतकार बबलू मैथुयूज का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश दुबे ने किया।





सिटी इवेंट

## सेवानिवृत्त हुए बीएसपी कर्मियों को दी विदाई, अनुभव किए साझा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में सितंबर और उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र और उपस्थित पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल, श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का सम्मान करते हुए अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि हमारी सोसाइटी की सहकारिता जगत में विशिष्ट पहचान हमारे इन वरिष्ठ सदस्यों की बदौलत बनी है। ऐसे में हम अपने इन वरिष्ठ साथियों का योगदान हमेशा याद रखेंगे। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बात रखी। जनरल इस्टेब्लिशमेंट से गिरीश जैन, जयंत कुमार मुसले सहित कई कर्मियों ने कहा कि सेक्टर-6 सोसाइटी का कामकाज हमेशा पारदर्शी रहा है। इस दौरान निरंजन मधुकर मुले, द्वारिका प्रसाद मिश्रा, चंद्रप्रकाश शर्मा, संतराम, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड ऑटोमेशन से अशोक कुमार गुप्ता, प्लेट मिल से जयंत कुमार मुसले, शाजी पी पप्पन, ओ एच पी से रामचरण वर्मा, वाटर मैनेजमेंट से रामकिशुन, ढेला आनंद, कैपिटल हैवी मेंटेनेंस सीएचएम) से हरिराम, एलडीसीपी से दयाराम, स्टील मेल्टिंग शाप-2 से रामनारायण, मर्चेंट-वायर राड मिल से विभीषण बघेल, सिंटर प्लांट-3 से समेलाल, मोहन लाल वर्मा और राजहरा माइंस से योगेंद्र कुमार में उपस्थित सदस्यों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इन सभी ने सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों को याद करते हुए अनुभव साझा किये। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर व अमिताभ वर्मा, सदस्य हरिराम यादव, जे के गहिने, विनोद कुमार वासनिक, कुलेश्वर चंद्राकर, नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और आभार वरिष्ठ सहायक वेंकट राव ने व्यक्त किया।

- **रिटायर कर्मी बोले- बीएसपी कर्मियों के बीच से.-6 सोसाइटी की विश्वसनीयता हमेशा कायम**

सिटी लाइव

## सांस्कृतिक भवन में होंगे पेयजल के इंतजाम, महापौर ने की 5 लाख की घोषणा



**दुर्ग।** गहिरा गुरु धाम यादव सांस्कृतिक भवन में दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने यादवों के साथ गौ माता को खिचड़ी खिलाकर, पूजा अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण के आदम कद प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज द्वारा महापौर को सम्मानित किया गया। महापौर के समय सांस्कृतिक भवन में शौचालय और पेयजल के लिए नलकूप का इंतजाम किए जाने की मांग रखी गई, जिस पर महापौर ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के अध्यक्ष कमलेश यादव ने इस पर महापौर का समाज की तरफ से आभार व्यक्त किया गया। महापौर ने कहा कि जब तक राउत के दोहा व बाजा न बजे देवारी तिहार अधूरा रहता है। यादव श्रेष्ठ कृष्ण के गोवर्धन धारण सहकारिता के शानदार उदाहरण है। आप सभी सहकारिता से जुड़े व सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। सशक्त बनें। यादव समाज सभी क्षेत्रों में अग्रणी हैं। राजनीति का मंतर देने वाले कृष्ण का वंश है। यादवों ने परंपरागत अहीर पगड़ी, खुरमी, तेदुसार, फुलैता व कृष्ण पितांबरी गमछा पहनाकर महापौर का स्वागत किया। कार्यक्रम में गहिरा गुरु राजेश यादव, हर्ष हिंद यादव, उमराव यादव, ललित यादव, ब्रह्मदत्त यादव, बृजेश कुमार यादव, पार्षद मनोज सोनी, चंद्रशेखर चंद्राकार, पूर्व पार्षद मीना सिंह, विजय जलकारे, करुणा यादव, राजेश शुक्ला, ललित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

समाज इवेंट

## दुर्ग में यादव ठेठवार समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



**दुर्ग।** यादव ठेठवार समाज द्वारा दीपावली मिलन और कार्यकारिणी बैठक का आयोजन राजीव नगर स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री राधे कृष्ण की पूजा-अर्चना से की गई।समारोह में समाज के पदाधिकारियों ने पारंपरिक यदुवंशी दोहे गाकर दीपावली का उल्लास मनाया। भरे गांव गितकेरा बाबू, बहुते उपजे बोहार हो... पाइया लागव बंसी वाले के, झोकव मोरो जोहार जैसे दोहे गूंजते रहे और सभी झूम उठे। इस मौके पर राष्ट्रपति सम्मानित गुरुजी कलीराम यादव ने दीपावली और छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर कविता पाठ किया। सदस्यों ने दिसंबर के अंतिम सप्ताह में भव्य पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने पर सहमति जताई। समाज को और संगठित करने के लिए नवंबर माह में चार ब्लॉक स्तरीय बैठकें करने का निर्णय भी लिया गया। इन बैठकों में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ सदस्यों को जोड़े जाने की योजना है। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और विवाह जैसी सामाजिक योजनाओं में जरूरतमंद परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने पर भी विचार किया गया। बैठक में अध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंदा लखन यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव, शिव प्रसाद यादव, रमेश यादव, सतीश कुमार यादव आदि मौजूद थे।

● नेहरू नगर में सम्पन्न हुआ पिच्छी परिवर्तन महोत्सव, निकली शोभायात्रा

# ब्राह्मणों की पहचान शिखा व तिलक, सिखों की कृपाण वैसे ही दिगंबर जैन संतों की पहचान पिच्छी और कमंडल

**भिलाई।** देश की पहचान ध्वज और मुद्रा से होती है जबकि पार्टी की पहचान चिन्ह से होती है वही व्यक्तियों की पहचान उसके गुण से होती है। इसके अलावा व्यक्ति की पहचान भाषा और उसके रहन-सहन खान-पान से होती है जाति की पहचान भी अलग-अलग धार्मिक क्रियाओं और वस्तुओं से होती है। वहीं ब्राह्मणों की पहचान शिखा, तिलक आदि से होती है सिख धर्म के कतरी और केशव से मुस्लिम धर्म के अनुयाई की पहचान टोपी और नवाज से होती है वैसे ही दिगंबर संतो की पहचान पीच्छी और कमंडल से होती है। यह बातें नेहरु नगर में आर्यका माताजी पिच्छी परिवर्तन आयोजन के दौरान कही। नेहरू नगर जैन मंदिर के इतिहास में प्रथम चातुर्मास की समापन बेला पर भव्य ऐतिहासिक पिच्छी परिवर्तन महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुबह भक्तों द्वारा श्री जी के अभिषेक व मूलनायक भगवान श्री पार्श्वनाथ पूजन आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में मोर पंख से तैयार पिच्छी को महिलाओं ने शीष पर विराजमान कर और प्रमुख पात्रों से सुसज्जित 10 बग्घियों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।








### सेवादारों को मिला पिच्छी लेने का अवसर

माताजी को नई पिच्छी देने का सौभाग्य विभिन्न समाज के पदाधिकारियों व चार माह तक माता जी की सेवा में तल्लीन विभिन्न भक्तों व त्यागी - वृतियों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आर्यिका निर्मदमती माता की पुरानी पिच्छी साधना शैलेन्द्र जैन परिवार एवं आर्यिका अक्षयमती माता की पुरानी पिच्छी मुक्ति- अजित जैन परिवार को प्राप्त होना रहा।

### चातुर्मास में किया सहयोग

कार्यक्रम में नेहरूनगर जैन समाज के अध्यक्ष मनीत जैन, संरक्षक महावीर पाटनी, अशोक पहाड़िया, राजकुमार जैन, चातुर्मास संयोजक जितेन्द्र जैन, सचिव क्षितिज जैन, उपाध्यक्ष रमेश नाहर, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, अजित जैन, सचिन जैनम, संदीप विद्याश्री आदि पूरी समाज के लोगों मे मिलकर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम का संचालन समाज के मंत्री सीए क्षितिज जैन ने करते हुए सभी समाज के सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### आचार्य विद्यासागर और समयसागर महाराज के चित्रों का हुआ अनावरण

समारोह का ध्वजारोहण उद्योगपति अरविंद जैन, कनिका जैन द्वारा किया गया। धार्मिक विधि विधानाचार्य अनेकान्त जैन द्वारा सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर अनेक विविध सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर और आचार्य समयसागर महाराज के चित्र का अनावरण विभिन्न मंदिरों के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बाल ब्रह्मचारी लौकान्तिक देव आग्रह, अपूर्व, आर्जव, अनंत, हितार्थ, विज्ञ, ईशान, विहान, विवान, वेद, युग, सार्थक द्वारा मंजीरा भक्ति नृत्य कर व आरोही - अवनि द्वारा मंगलाचरण किया गया।



### साध्वी माताओं के पारिवारिक जन हुए सम्मानित

माता जी को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य निरंजन जैन परिवार, लता नागेंद्र, समपर्ण निर्भय जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान सभी सौभाग्यशाली परिवार व उपस्थित सभी माताजी के गृहस्थ जीवन के परिवार जन सभी सदस्यों का स्वागत व सम्मान किया गया। साथ ही नगर गौरव मुनि प्रणेय सागर और आर्यिका रजतमती माता के परिवार जनों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में छग के समस्त मंदिरों से पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थित रही।

**इन्होंने निभाई भूमिका :** आचार्य विद्यासागर महाराज की अष्ट द्रव्य के साथ पूजन सम्पन्न की गई जिसमें सौधर्म इंद्र शचि इन्द्राणी के रूप में अध्यक्ष मनीत, प्रियंका जैन परिवार, श्रीमन्ति मल्लप्पा के रूप में मुकेश राशि बकलीवाल, श्रीराम सीता के रूप में डॉ आर के दोषी, सुनीता दोषी परिवार, श्रीपाल मैना सुंदरी के रूप में शैलेन्द्र साधना जैन परिवार, भरत बाहुबली अनंतवीर्य के रूप में भरत गोधा, राकेश कासलीवाल, अजित जैन परिवार, राजा सोम व राजा श्रेयांस के रूप में ऊषा अनिल जैन, ऊषा बैजनाथ जैन, कृष्ण रुक्मणि के रूप में मेघा अंकित जैन, राजा श्रेनिक रानी चेलना के रूप में किरण रमेश नाहर परिवार, अष्टकुमारी कन्याओं व लौकान्तिक देवों द्वारा द्रव्य समर्पित की गई।समारोह में आर्यिका माता दुर्लभमति व अक्षयमती ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब सबका पुण्य उदय में आता हैं तब जाकर साधूओं का चातुर्मास समाज को प्राप्त होता हैं। छत्तीसगढ़ में धर्म की लहर हैं तभी एक साथ 10 स्थानों पर चातुर्मास हुए, यह भी एक इतिहास हैं।

**रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति :** कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता दिखाते हुए भजन, नृत्य करते हुए भक्ति की। जैन युवा संघ के सचिन, गौरव, परेश, रितेश, आलोक, आनंद, क्षितिज, अंकित व अनेकान्त द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया एवं संस्कृति ग्रुप की ऋचा, अंकिता, निकिता, महिमा, प्रीति, किरण जैन द्वारा मां की ममता नामक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई।

साध्वी दुर्लभमति के सानिध्य में कराए गए अनुष्ठान

# घट यात्रा, मंडप शुद्धता और ध्वजारोहण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान की हुई शुरुआत

**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 5 नवंबर तक होने जा रहे 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान और चरण कमल स्थापना की मंगलवार को शुरुआत हुई। सैकड़ों महिलाओं ने जैन भवन से अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। जैन त्रिवेणी जैन तीर्थ मंदिर में प्रवेश किया।

जहां पर प्रतिष्ठाचार्य पारस जैन द्वारा इंद्र के साथ मंडप शुद्ध किया गया। सौधर्मेंद्र के साथ उपस्थित भक्तों ने अष्टधातु की चार प्रतिमा विधान मंडप के समोसारण स्थल में मंत्रोचार के साथ स्थापित किया। आचार्य विद्यासागर की शिष्या साध्वी दुर्लभमति के अमृत वचन से भक्तों ने पार्श्वनाथ भगवान की अष्टधातु प्रतिमा का अभिषेक किया। शांति धारा का सौभाग्य सौधर्मेंद्र, ज्ञानचंद, मनीष, गौरव, विमल बाकलीवाल एवं प्रशांत ममता जैन, राजेश जैन ने प्राप्त किया।




इस अवसर पर संरक्षक प्रवीण छाबड़ा, प्रदीप जैन, भारत जैन, सिंपी मंत्री, सोमेश बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, अशोक निगोटिया सहित अन्य मौजूद थे। गाजे-बाजे के साथ इंद्राणियों ने अपने शीश पर कलश रखकर भव्य घट यात्रा में शामिल होते हुए अहिंसा परमो धर्म की जयकारा लगाया गया।

जैन महिला क्लब, प्रगति महिला मंडल, त्रिवेणी महिला मंडल, नवकर महिला समिति की महिलाों ने घट यात्रा में भक्ति भाव के साथ नगर भ्रमण करते हुए त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में प्रवेश किया। सिद्ध चक्र महामंडल विधान के ध्वजारोहण की समस्त धार्मिक क्रियाएं 105 दुर्लभमति के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद कनिका जैन के साथ महावीर अर्चना जैन, चेलना प्रियंका, मनित जैन सहित अन्य मौजूद थे।

ध्वज स्थल में मंगलदीप स्थापित करते हुए ध्वज वंदना और णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। साध्वी श्री ने सिद्ध चक्र महामंडल विधान का महत्व बताते हुए इस कार्यक्रम के मंगल शुभारंभ के लिए अपने आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान के समोसारण मंडल में आप सभी अपने जीवन का आत्म कल्याण करने के लिए भक्ति भाव के साथ शामिल होकर धर्म लाभ लें।

प्रदीप बाकलीवाल ने बताया कि 29 अक्टूबर को सुबह 6 बजे सामूहिक मंगल अभिषेक होगा। इंद्र और भक्तों के द्वारा यह अभिषेक 5 नवंबर तक प्रतिदिन किया जाएगा। मंगलवार को कार्यक्रम में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, महावीर प्रकाश जैन, मुकेश जैन, कमल जैन, भागचंद जैन, प्रमोद नहर, अरविंद जैन सहित अन्य मौजूद थे।

### जगतधात्री पूजा कल



**भिलाई।** जगतधात्री पूजा 30 अक्टूबर को रबीन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको भिलाई में आयोजित है। पुजारी निताई चांद चक्रवर्ती ने बताया कि सुबह 7 बजे पूजा प्रारंभ होगी। सुबह 9.30 बजे पुष्पांजिल, भोग 11 बजे, हवन यज्ञ 1.30 बजे तथा दोपहर 2 बजे भक्तों को भोग वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जगातधात्री पूजा बंगाली समाज का एक प्रमुख हिंदू त्योहार है, जो मां दुर्गा के ही एक रूप, जगधात्री को समर्पित है। इसे लेकर मंदिर में विशेष तैयारी की गई है।

सभी मनोरथ पूर्ण करने हुआ स्कन्द सूक्त हवन

# अष्टधातु प्रतिमा का हुआ अभिषेक, 28वें स्कंदषष्ठी पर्व पर तमिलनाडु के विद्वान आचार्यों ने दी महापूर्णाहुति

कार्नर न्यूज

भिलाई। स्कंदाश्रम में पिछले तीन दिनों से चल रहे 28वें स्कंदषष्ठी पर्व पर महापूर्णाहूति देकर सभी अनुष्ठान विधिवत संपन्न किये गए। शाम को भजन संध्या के साथ तीन दिवसीय आयोजन का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। आयोजन के तीसरे व अंतिम दिन हुए हवनों में श्री लक्ष्मी गणपति हवन सफलता प्राप्त करने और सभी बाधाओं के निवारण के लिए किया गया था। स्कन्द सूक्त हवन धन-धान्य वृद्धि और परिवार में शांति लाने के उद्देश्य से किया गया था। उसके बाद श्रीसुब्रमण्या त्रिसदी हवन, श्रीसुब्रमण्या पंचदशाक्षरी हवन, शत्रु संहार सुब्रमण्या अर्चना प्रसिद्धि, शत्रु एवं रोग निवारण, सरकारी कार्यों में सफलता एवं रक्षा के लिए किया गया था। अंतिम सत्र में महापूर्णाहुति के पहले वडुग राजा, कन्या, सुहासिनी एवं दंपती पूजा हुई जिसका उदेश्य सभी प्रकार के बुरे कर्मों एवं पितृ दोष मुक्ति था।







### प्रतिमा का हुआ अभिषेक

दोपहर में घी से वसुधरा हवन होने के बाद महापूर्णाहूति हुई और उसके बाद तीन दिनों तक हुए पूजन एवं हवनों से जागृत हुए कलशों में रखे हुए जल से भगवान कार्तिकेय के वेल एवं गुरुदेव मणि स्वामी जी की अष्टधातु से निर्मित मूर्ति का अभिषेक हुआ। महापूर्णाहूति के समय गुरु मां दीदी शिवरंजनी ने समस्त भक्त जनों के लिए खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हुए आहुति दी। स्कंदाश्रम के प्रेसिडेंट शशांक रस्तोगी, वाइस प्रेसिडेंट एस. जी. मणि और सचिव जननी दीदी ने सभी कार्यकर्ताओं के निरंतर सहयोग के लिए सम्मान किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के आयुष का शानदार शतक



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा रनजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (25 - 28 अक्टूबर) बीकेसी क्रिकेट ग्राउंड, मुंबई में मुंबई टीम के विरुद्ध खेला गया। चौथे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 133.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 416 रन बनाये हैं। मुंबई की ओर से अजिंक्या रहाणे ने शानदार शतक लगाते हुए 159 रन बनाए। सिद्धेश लाड ने भी 80 रन तथा आकाश आंनंद ने 61 रनों की उपयोगी पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से आदित्य सरवटे ने 5 विकेट तथा रवि किरण ने 3 विकेट प्राप्त किए। अजय मंडल को 2 विकेट प्राप्त हुए। तीसरे दिन से आगे खेलते हुये छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 76.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 217 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज आयुश पांडे ने 50 रन तथा शशांक चंद्राकर ने 43 रन बनाये। आषुतोश सिंह ने 34 रनों की पारी खेली। मुंबई की ओर से शम्स मुलानी ने 5 विकेट तथा हिमांशु सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। फालोऑन खेलने उतरी छत्तीसगढ़ ने मैच की समाप्ति तक अपनी दूसरी पारी में 58 ओवरों में 3 विकेट खोकर 202 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजी आयुष पांडे ने शानदान शतक लगाते हुये 117 रन नाबाद बनाये। उनके अतिरिक्त संजित देसाई तथा अमनदीप खरे ने 26-26 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। मुंबई ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

### ऑल इंडिया टेनिस मुकाबले में आरिज़ एवं सार्थक पहुंचे फाइनल में



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ द्वारा ऑल इंडिया सीएस-3 अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट 27 से 29 अक्टूबर तक इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम, जोरा में आयोजित है। टूर्नामेंट को आर्डिनटर रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की क्वार्टर व सेमी फाइनल मुकाबले मंगलवार को खेले गए।

मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त आरिज़ खान ने अनघ अग्रवाल को 9-5 से पराजित किया। सार्थक सुंदरानी ने एकलव्य सिंह राजपूत को 9-6 से मात दी। युग जैन (मध्य प्रदेश) ने वरदान गोवर्धन को 9-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, वहीं चैतन्य ठक्कर ने आयान सर्वत को 9-7 से पराजित किया।सेमीफाइनल मुकाबलों में आरिज़ खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युग जैन को 9-6 से हराया, जबकि सार्थक सुंदरानी ने चैतन्य ठक्कर को 9-3 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। स्पर्धा का फाइनल मुकाबला बुधवार 29 अक्टूबर को सुबह 8-30 बजे से खेला जाएगा।

### सेल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी बीएसपी की टीम



**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया( सेल) के तत्वाधान में भिलाई स्टील प्लांट द्वारा 10 से 15 नवंबर तक आयोजित सेल क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई स्टील प्लांट की टीम भी भाग लेगी। टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन मंगलवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में किया गया। इस चयन स्पर्धा में कुल 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों के बैटिंग बॉलिंग एवं फील्डिंग के प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा इस चयन इस स्पर्धा के चयनकर्ता वी मोहनदास एवं राजा बनर्जी एवं प्रभारी अभिजीत भौमिक( उप प्रबंधक) भिलाई स्टील प्लांट थे।

### अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती में यूटीडी का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमे यूटीडी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग के 50 किग्रा में लक्ष्मी ने रजत पदक, 57 किग्रा में चेतना सिंह ने स्वर्ण पदक, 65 किग्रा में अनुष्ठा मित्तल ने स्वर्ण पदक, 72 किग्रा में प्राची चौबे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में 61 किग्रा देव कुमार ने रजत पदक तथा 97 किग्रा प्रियांशु बंजारे ने रजत प्रदक प्राप्त किया।

## तापमान में गिरावट के बीच सेहत का ध्यान रखना जरूरी

# ठंड की दस्तक के बीच इस मौसम में बढ़ सकती है माइग्रेन की समस्या, रहें सावधान

अक्टूबर का महीना बीत रहा है और नवंबर दस्तक दे रहा है। इस मौसम को बदलाव वाला माना जाता है, तापमान में गिरावट के साथ सुबह-शाम वातावरण में ठंडक शुरू होने लगती है। मौसम में हो रहा इस तरह का बदलाव सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकती है। इस मौसम में इंफ्लूएंजा जैसे वायरस के बढ़ने का साथ माइग्रेन की दिक्कत बढ़ने का खतरा हो सकता है। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती जाती है माइग्रेन का जोखिम और भी अधिक होता जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि माइग्रेन और ठंड के मौसम का आपस में क्या संबंध है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में हो रहा बदलाव आपको बीमार कर सकता है। सर्दियों में सिरदर्द की समस्या काफी आम, कुछ लोगों में तापमान में गिरावट के साथ माइग्रेन की समस्या भी ट्रिगर हो सकती है। सर्दियों के दौरान माइग्रेन के मामले बढ़ जाते हैं लेकिन ऐसा क्यों है? और इसे किस प्रकार से कंट्रोल किया जा सकता है, आइए इस बारे में समझते हैं।

सर्दियों में माइग्रेन की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या रही है, उन्हें सर्दियों में इसका अधिक अनुभव हो सकता



है। इस मौसम की कई स्थितियां माइग्रेन के खतरे को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। मेयो क्लिनिक की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम संबंधी परिवर्तन माइग्रेन ट्रिगर करने वाले हो सकते हैं। इसके अलावा हवा में शुष्की, अत्यधिक ठंड जैसी स्थितियों के कारण आपको माइग्रेन बढ़ने का खतरा हो सकता है।

### धूप की कमी बढ़ा देती है जोखिम

सर्दी के दिनों में माइग्रेन के ट्रिगर होने का एक कारण इस मौसम में धूप की कमी को भी माना जाता है। धूप की कमी के कारण मस्तिष्क में सेरोटोनिन जैसे रसायनों में असंतुलन हो सकता है। ब्रेन कैमिकल्स का असंतुलन सिरदर्द और माइग्रेन के एपिसोड्स को बढ़ाने वाले माने जाते हैं।

इसके अलावा सूरज की रोशनी में कमी हमारे सर्कैडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित कर देती है जिसके परिणामस्वरूप नींद के पैटर्न में असंतुलन या नींद की कमी हो जाती है। नींद की समस्याओं को भी माइग्रेन को ट्रिगर करने वाला माना जाता है।



माइग्रेन को ट्रिगर करने वाली चीजों से बचाव

स्टैनफोर्ड मेडिसिन में न्यूरोलॉजी के क्लिनिकल एसोसिएट प्रोफेसर, नुशेन झांग कहते हैं, ₹ सर्दियों के दिनों में चिकित्सकीय रूप से हम जो दिलचस्प चीज देखते हैं उनमें से एक यह भी है कि इन दिनों में लोगों में



माइग्रेन की आवृत्ति बढ़ जाती है। हमारे लाइफस्टाइल की कई गड़बड़ आदतों के कारण भी इस प्रकार के सिरदर्द की समस्या अधिक हो सकती है।

शराब का सेवन, कैफीन का अधिक सेवन, तेज या चमकती रोशनी, तेज गंध (सुगंधित अगरबत्तिया जैसी),और कुछ खाद्य पदार्थ भी माइग्रेन के संभावित ट्रिगर हो सकते हैं।

### माइग्रेन से कैसे बचाव करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के प्रति संवेदनशील लोगों को माइग्रेन होने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सर्दियों में सिरदर्द, खासतौर पर माइग्रेन से बचाव के लिए प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने से आपको लाभ मिल सकता है, व्यायाम करने से सेरोटोनिन का स्तर बढ़ता है जो इसके जोखिमों को कम कर सकता है। सर्दियों में सिर को अच्छे से कवर करें, इससे भी माइग्रेन से बचाव किया जा सकता है।



## बैठकर पिएं पानी, दूर होंगे कई रोग

योग से तन और मन को दुरुस्त रखा जा सकता है और पानी शरीर को रोगमुक्त रखता है। अगर दोनों चीजों को मिला दिया जाए, तो हेल्थ को दुरुस्त रखा जा सकता है। आज हम आपको सुबह मलासन के दौरान पानी पीने के फायदों के बारे में बताएंगे। इसके बारे में हमें योगा टीचर दिलराजप्रीत कौर बता रही हैं।

मलासन करने से पीठ के निचले हिस्से यानी हिप्स और पेल्विक एरिया में स्ट्रेच आता है, जिससे ये अंग मजबूत होते हैं। रोजाना इसे करने से पेट की मसल्स टोन होती हैं और टखनों और घुटनों में लचीलापन आता है। इसके अलावा, पेट की समस्याओं जैसे गैस और एसिडिटी को दूर किया जा सकता है।

सुबह खाली पेट पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है, सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या नहीं होती है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तनाव दूर होता है, वजन कम होता है और पेट संबंधी समस्याएं नहीं होती हैं। साथ ही, यूरिन में जलन दूर होती है और त्वचा हेल्दी और ग्लोइंग होती है। इसके अलावा, शरीर का तापमान कंट्रोल में रहता है, शरीर में एनर्जी का लेवल बढ़ता है और नई सेल्स और मसल्स बनने की प्रक्रिया



तेज होती है। आइए दोनों क्रिया को एक साथ करने के फायदों के बारे में जानें-

**हाइड्रेशन:** अच्छी हेल्थ के साथ ही थकान और मसल्स में ऐंठन को रोकने के लिए योग के दौरान हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। मलासन के दौरान पानी पीने से आपको ये सारे फायदे मिल सकते हैं।

**बढ़ता है लचीलापन:** मलासन हिप्स और कमर के आस-पास अंगों पर काम करता है। हाइड्रेटेड रहने से इन हिस्सों में लचीलापन बढ़ता है, जिससे मुद्रा को करना आसान हो जाता है।

**हेल्दी डाइजेशन:** मलासन की उकड़ू पोजिशन और पानी पीने से डाइजेशन अच्छा होता है और मुद्रा के दौरान होने वाली परेशानियों को रोका जा सकता है। इस पोजिशन में बैठने से बाउल मूवमेंट तेजी से काम करता है और सुबह आसानी से पेट साफ हो जाता है।

**डिटॉक्सिफिकेशन:** हाइड्रेशन शरीर से टॉक्सिंस को निकालता है और मलासन के दौरान पानी पीने से आपको यह फायदा मिल सकता है।

**मसल्स का काम होता है बेहतर:** जब शरीर अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहता है, तब मसल्स अच्छी तरह से काम करते हैं। साथ ही, आप मलासन करते समय स्थिरता और संतुलन बनाए रख पाते हैं। योगासन के दौरान कम मात्रा में पानी पिएं। एक बार में ज्यादा पानी पीने से परेशानी हो सकती है। हाइड्रेटेड रहें, लेकिन योग से पहले या उसके दौरान ज्यादा पीने से बचें।

### एसिडिटी दूर करने के लिए रोज सुबह खाली पेट पिएं यह पानी

पित्त दोष की अधिकता वाले लोग एसिडिटी और कब्ज से काफी परेशान रहते हैं। इसे दूर करने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजें फायदेमंद होती हैं। पित्त की अधिकता होने पर खाना ठीक से नहीं पचता है। हेल्दी रहने के लिए सिर्फ खान-पान सही होना जरूरी नहीं है, बल्कि हम जो भी खाते हैं, उसका सही तरह से डाइजेस्ट होना भी जरूरी है।



## इस फूल के उपाय, घर में आएगा भरपूर पैसा



इन दिनों माहौल त्यौहारों और शादियों का है। त्यौहारों पर लोग सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अपने घरों को सजाते हैं। सजावट भी ऐसी रखते हैं ,जिससे घर में सकारात्मकता आए। ऐसे ही पौधों में से एक है पारिजात का पौधा। यदि आप पारिजात के फूल को पूजन में इस्तेमाल करती हैं तो आपको आर्थिक लाभ होता है।

वहीं इस फूल के कुछ अन्य उपाय भी हैं जो घर की सभी नकारात्मक शक्तियों को दूर करते हैं। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया जी से जानें पारिजात के फूलों के कुछ विशेष उपायों के बारे में जो सुख समृद्धि को आकर्षित करने में मदद करते हैं।

### ज्योतिष में पारिजात के फूलों का महत्व

पारिजात के फूलों को देवी लक्ष्मी से जोड़ा जाता है। पारिजात के फूल चढाने से आपकी वित्तीय संभावनाएं बढ़ सकती हैं और घर में प्रचुरता का आशीर्वाद मिल सकता है।

पारिजात के फूल चंद्रमा से जुड़े हुए होते हैं और चंद्रमा भावनाओं, अंतर्ज्ञान और वित्तीय स्थिरता से जुड़ा है। ऐसा माना जाता है कि पारिजात के फूलों की ऊर्जा का उपयोग चंद्र प्रभाव के साथ सामंजस्य स्थापित करता है, जिससे वित्तीय चीजों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### धन लाभ के लिए करें पारिजात के उपाय

समृद्धि और प्रचुरता का आह्वान करने के लिए पूजा को एक उपयुक्त समय माना जाता है, जो इसे वित्तीय कल्याण के लिए ज्योतिषीय उपायों को शामिल करने का एक आदर्श अवसर बनाता है। इस दिन हम सभी समृद्धि से जुड़े कुछ उपाय आजमाते हैं। इस दिन आप पारिजात के फूलों से जुड़े कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

## सूजी से बनाएं स्वादिष्ट नमकीन मेहमान तारीफ करते नहीं थकेंगे

आज तक आपने कई तरह के बेसन से बने नमकीन का स्वाद लिया होगा। नमकीन अक्सर घरों में त्यौहारों के समय बनाए जाते है। ऐसे में आपको बेसन के बजाए सूजी से नमकीन बनाने की विधि जरूर जाननी चाहिए। एक पैन में ढ़ाई कप पानी डालकर गर्म होने के लिए रखें, पानी में स्वादानुसार नमक भी डालें। पानी जब गर्म हो जाए, तो उसमें सूजी को धीरे-धीरे पानी में डालें और चम्मच से लगातार चलाते हुए लंप्स आने से रोकें। सूजी को पानी में अच्छे से मिक्स करने के बाद उसे 10-15 मिनट के लिए ढक के रखें ताकि भाप में सूजी अच्छे से पक जाए। अब उबले हुए आलू को मैश कर लें और ड्राई फ्रूट्स को काटकर रख लें।



मूंगफली को तेल में तलकर भून लें और काजू एवं बादाम (बादाम हलवा) को भी तेल में भून लें। 10 मिनट बाद सूजी में आलू मिलाकर अच्छे से आटा को नरम गूंथ लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रखें, तेल गर्म हो जाए तो उसमें नमकीन बनाने की मशीन में आटा डालकर तेल में नमकीन बनाएं। अच्छे से कुरकुरा होने तक नमकीन को सेंक लें और तलने के बाद गरमा-गरम नमकीन को एक परात में रखें।अब नमकीन और ड्राई फ्रूट्स को मिक्स करें और तोड़ कर सभी को मिक्स करें और उसमें मिर्च, चाट मसाला, काला नमक डालकर मिला लें और एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

### सूजी से नमकीन बनाने के लिए टिप्स

इस नमकीन को बनाने के लिए पानी की मात्रा को कम ज्यादा न करें नहीं तो परफेक्ट आटा नहीं बन पाएगा। सूजी को पानी में धीरे-धीरे डालें और लगातार स्पैटुला से सूजी को चलाते रहें, ताकि गुठली न बनें। मीठा नीम या करी पत्ता को भी मिक्सचर में तलकर मिलाते हैं, तो टेस्ट अच्छा आएगा। आप इस नमकीन में चिवड़ा भी तलकर ऐड कर सकते हैं। इससे स्वाद बढ़िया आएगा।

कार्नर न्यूज

## वर्तमान और भविष्य के संकेत छिपे होते हैं स्वप्न में

# सपने में अलग-अलग भगवानों को देखना देता है ख़ास संकेत, जीवन में आते हैं कई बदलाव

आपके जीवन में अलग तरह के सपने कुछ अलग प्रभाव दिखाते हैं। कुछ सपने आपके वर्तमान को संवारते हैं और कुछ आपके भविष्य के बारे में संकेत देते हैं।

सपने आपके जीवन से जुड़ी कई बातों की जानकारी देते हैं। सपनों को लंबे समय से एक ऐसी प्रक्रिया माना जाता है जहां आपका अवचेतन मन चेतन मन के साथ संचार करता है और कुछ ऐसी घटनाओं की अनुभूति कराता है जहां कई लोगों को आने वाले समय की जानकारी भी मिलती है।

अलग तरह के सपने आपके जीवन में कुछ अलग प्रभाव डालते हैं। यदि आप सपने में कोई ऐसी घटना देखते हैं जो आपके जीवन में घटित नहीं हुई है तो ये इस बात का संकेत हो सकता है कि आपके भविष्य में असल जीवन में भी कोई ऐसी घटना घटित होने वाली है।

ऐसे ही सपनों में से कुछ सपने हैं जिनमें आप ईश्वर के अलग रूपों को देखते हैं। दरअसल सपने में अलग भगवानों को देखना कुछ अलग संकेत हो सकता है। सपने में भगवान देखना और उन्हें नाराज या खुश होते



देखना अलग तरह के संकेत देता है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें कि अगर आपको अलग भगवानों के सपने दिखाई देते हैं तो ये क्या संकेत हो सकते हैं और इससे आपके जीवन में क्या बदलाव हो सकते हैं।

### सपने में भगवान को देखने का मतलब

आपके सपनों में भगवान की उपस्थिति सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के संकेत दे सकता है। ऐसे किसी भी सपने का मतलब सपने की प्रकृति, सपने में भगवान के व्यवहार के साथ-साथ वह किस मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं, इस बात पर भी निर्भर करता है। कभी-कभी ऐसे सपनों का मतलब ये हो सकता है कि आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं जिससे



आपके जीवन में बहुत से उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। ऐसे सपने इस बात की ओर भी इशारा करते हैं कि आपको आध्यात्मिकता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है।

### सपने में माता दुर्गा को देखना

यदि आपको सपने में माता दुर्गा के दर्शन होते हैं तो समझें कि आपके जीवन के सभी कष्ट जल्द ही दूर होने वाले हैं और आपके बिगड़े काम भी बनने वाले हैं। ऐसे सपने इस बात का संकेत हो सकते हैं कि यदि आप किसी भी बड़े काम के लिए कदम उठा चुके हैं तो उसमें सफलता जरूर मिलेगी। यदि आपको नवरात्रि के दौरान ऐसा कोई सपना आए तो ये आपके लिए बहुत ख़ास माना जाता है। यदि आप माता दुर्गा को सपने में नाराज अवस्था में देखती हैं तो ये इस बात की तरफ इशारा करता है कि आपके कोई बड़ी गलती हो गई है और आपको इसे सुधारने की आवश्यकता है।

### सपने में राम जी को देखना

यदि आप सपने में भगवान राम को देखती हैं तो आपको अपने कर्तव्यों को ठीक से निभाने की सलाह दी जाती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उन्होंने किसी भी परिस्थिति में मर्यादा को नहीं छोड़ा और हर समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया। यदि आपको श्री राम का सपना आता है तो ये आपको अनुभूति कराता है ।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एंजेलिना ने ब्रैड पिट को कोर्ट में घेरा, मांगे वकीलों पर खर्च के 33,000 डॉलर



कभी हॉलीवुड के पावर कपल रहे ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली का रिश्ता अब विवादों, अदालत की कार्यवाही और संपत्ति को लेकर खींचतान के कारण चर्चा में रहती है। दोनों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। एंजेलिना ने अब ब्रैड पिट से अपने तलाक को 'भावनात्मक रूप से कठिन' बताया है। अपने अलगाव के बाद के दौर और फ्रांस में शैटो मिरावल एस्टेट को लेकर उपजे विवाद के बारे में उन्होंने नई जानकारियां दी हैं। एंजेलिना की ओर से यह खुलासे लॉस एंजिल्स सुपीरियर कोर्ट में हाल ही में दायर एक घोषणापत्र में की गईं। एक्ट्रेस की ओर से दाखिल यह घोषणापत्र पूर्व पति ब्रैड पिट के साथ संपत्ति के मालिकाना हक को लेकर जारी कानूनी लड़ाई का एक हिस्सा है। 'पेज सिक्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, एंजेलिना जोली ने यह बयान ब्रैड पिट की उस मांग के जवाब में दिया, जिसमें एक्टर ने मिरावल विवाद से संबंधित निजी बातचीत कोर्ट में सौंपने को कहा था। एक्ट्रेस ने इसके साथ ही बैड पिट से 33,000 डॉलर (29.27 लाख रुपये) की लीगल फीस देने की भी मांग की है। एंजेलिना का कहना है कि यह कहा कि 33,000 डॉलर की यह फीस उन्हें ब्रैड पिट के प्रस्ताव का जवाब देने के लिए चुकानी पड़ी थी। अपने घोषणापत्र में, एंजेलिना जोली ने कहा है, 'तलाक के लिए अर्जी देने के बाद, मैंने अपने लॉस एंजिल्स स्थित घर और शैटो मिरावल, दोनों का कंट्रोल ब्रैड पिट को सौंप दिया, इस उम्मीद में कि इससे तनाव कम होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।'

### टॉलीवुड

## ध्यान मुद्रा अपना कर सुर्खियां बटोर ले गए रजनीकांत, फैंस भी हुए खुश



रजनीकांत ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। बीते दिनों ऋषिकेश के बाद उत्तराखंड में महावतार बाबाजी की गुफा पहुंचे रजनीकांत ने ध्यान लगाया। फैंस के साथ सेल्फी ली। सोशल मीडिया पर उनके फोटो-वीडियोज वायरल हो रहे हैं।

ऋषिकेश में उन्हें सड़क किनारे पत्तल में खाना खाते देखा गया था। अब उनकी नई तस्वीरें और वीडियोज सामने आई हैं, जिसमें वह उत्तराखंड में महावतार बाबाजी के गुफा में ध्यानमग्न दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियोज में रजनीकांत का सादगी भरा अंदाज देख फैंस 74 साल के एक्टर की बलाएं ले रहे हैं। सिर पर टोपी, जैकेट, सफेद पैंट पहने रजनीकांत हाथ में लकड़ी की छड़ी लेकर चलते हुए दिखाई दिए हैं।

फैंस द्वारा ली गई तस्वीरों और वीडियोज में 'कुली' एक्टर बाबाजी की गुफा के बाहर ध्यान लगाते शांत मुद्रा में बैठे हुए हैं। उन्होंने इस दौरान फैंस को भी निराश नहीं किया और बारी-बारी पूरे धैर्य से सबके साथ तस्वीरें खिंचवाई। वीडियो में वह फैंस से बातचीत करते हुए भी नजर आ रहे हैं। वह इससे पहले अपने दोस्तों के साथ कई आश्रम भी गए थे। रजनीकांत हर साल इसी तरह आध्यात्मिक यात्रा पर निकलते हैं। इसमें वह ऋषिकेश से होते हुए ब्रदीनाथ धाम जाते हैं।

### छॉलीवुड़

## दीपक और राज की जोड़ी फिर मचाएगी धमाल, 'एम ए प्रीवियस' का ट्रेलर हुआ जारी



बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की तरह ही अब छत्तीसगढ़ी सिनेमा में भी सफल फिल्मों की सीरीज का दौर शुरू हो चुका है। 'बीए फर्स्ट ईयर', 'बीए सेकंड ईयर' और 'बीए फाइनल ईयर' की ऐतिहासिक सफलता के बाद निर्माता राज वर्मा और लेखक-निर्देशक प्रणव झा की सुपरहिट जोड़ी अब इस सीरीज का चौथा भाग 'एम ए प्रीवियस' लेकर आ रही है, जो 7 नवंबर को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बैनर अरण्य सिनेमा के तहत बनी यह फिल्म पहले ही अपने संगीत को लेकर चर्चा में है। बता दें कि इस सीरीज की पहली दो फिल्में 'बीए फर्स्ट ईयर' और 'बीए सेकंड ईयर' यूट्यूब पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्में हैं, जिसने इस सीरीज को एक ब्रांड बना दिया है। फिल्म के निर्देशक प्रणव झा ने कहानी के बारे में बताया, यह फिल्म दो भाइयों के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित है, जिसमें बड़ा भाई प्रोफेसर है और छोटा भाई 'एम ए प्रीवियस' का छात्र। कहानी का मुख्य द्वंद्व अरेंज मैरिज और लव मैरिज को लेकर दोनों भाइयों की अलग-अलग विचारधारा है। इसी ताने-बाने को एक मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा के साथ परदे पर उतारा गया है। फिल्म में छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार दीपक साहू और राज वर्मा मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ उड़ीसा की सुपरस्टार हिरनमई दास और नवोदित अभिनेत्री व प्रसिद्ध इंस्टाग्रामर आराधना साहू मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की दमदार स्टारकास्ट में राजेश बागमारे, अंजलि चौहान, लक्ष्मी झा, संजू साहू, धर्मेंद्र चौबे, संगीता निषाद, राजू कोल्हाटकर, शमशेर शिवनी, मोहित जोशी, दादू साहू, मंदिर नायक और पप्पू चंद्राकर जैसे मंझे हुए कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म का संगीत सुनील सोनी ने तैयार किया है।

लाइफ स्टाइल



### फंकी टाइट्स

रिचर्ड क्विन, इसाबेल मैरेंट, मिउ मिउ और रबाने जैसे मॉडल अगर एक साथ आ रहे हैं तो मामला फंकी टाइट्स का ही है। इसे पहनकर आप अपने पैरों को गर्म रख सकते हैं। इसमें कई रंग और डिज़ाइन उपलब्ध हैं, जिनमें से कुछ तो आपके आउटफिट से मैच करते हैं या फिर एकदम अलग लुक देते हैं। फैशन की दुनिया का यह ट्रेंड लोगों को खूब भा रहा है।

## हीट स्टाइलिंग के कारण बाल हो गए हैं डैमेज तो ये टिप्स आएंगी आपके काम

हम सभी चाहते हैं कि हमारे बाल लम्बे और घने नजर आए और इसके लिए हम आए दिन कई तरीके के हेयर ट्रीटमेंट भी करवाते हैं। वहीं हम अक्सर बालों को आकर्षक लुक देने के लिए स्टाइलिंग भी करते हैं और इसके लिए कई तरीके के हीट वाले स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं। बालों में किसी भी तरह के हेयर स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले आपको हीट प्रोटेक्टिंग स्प्रे का इस्तेमाल करना चाहिए। यह बालों को हीट स्टाइलिंग टूल के कारण होने वाले डैमेज जैसे बालों का जलना, स्प्लिट एंड्स, हेयर ड्राईनेस जैसी कई डैमेज से बालों की रक्षा करने में सहायता करता है। इसे आप बालों में किसी भी तरह के हीट स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले स्प्रे के जरिये कर सकती हैं।

हेयर स्टाइलिंग के बाद अक्सर बालों के टेक्सचर में कई तरह के बदलाव नजर आने लगते हैं, जो खासकर बालों को डैमेज करने का काम करते हैं। बता दें कि बालों को इन डैमेज से बचाने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप स्कैल्प से लेकर बालों की लेंथ तक में सीधे इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इसके लिए आप सीधे एलोवेरा के पौधे से पत्तियों को काटकर लगा सकती हैं।

बालों को धोने के बाद हमेशा कंडीशनर का इस्तेमाल करें। कंडीशनर आपके बालों को सही मात्रा में मॉइस्चराइज करने के काम करता है। स्कैल्प से लेकर लेंथ तक आप जरूरत अनुसार हेयर सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। बालों को धोने से करीब 2 घंटे पहले हेयर ऑयल का इस्तेमाल करें। गीले बालों पर कंघा इस्तेमाल करने से थोड़ा बचाव करें। बालों को सूखाने के लिए हीटिंग टूल या तौलिए से रगड़ने का प्रयास न करें अन्यथा डैमेज अधिक मात्रा में बढ़ जाएगा।



## त्यौहारों-शादियों में स्टाइल करें बांधनी सूट, लगेंगी खूबसूरत



त्यौहारों-शादियों में हर कोई खास अंदाज के नए कपड़ों को वियर करना पसंद करता है। किसी को इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहनना पसंद है तो किसी को पसंद है कि वो एथनिक वियर करे। इस बार आप खास मौके के लिए बांधनी प्रिंट वाले कपड़े स्टाइल करें। ये काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाते हैं। इस बार बांधनी प्रिंट सूट को वियर करें। ये त्यौहारों के हिसाब से परफेक्ट ऑप्शन है।

### अनारकली बांधनी प्रिंट कुर्ता डिजाइन



अगर आपकी हाइट लंबी है तो ऐसे में आप अनारकली बांधनी सूट को वियर कर सकती हैं। ये काफई अच्छा लगता है। इसमें आपको पूरे में बांधनी प्रिंट मिलता है। साथ ही नेक पर गोटा पट्टी वर्क होता है। इसमें आप चाहे तो फ्रंट स्लिट कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इसके साथ प्लेन बॉटम, ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी के साथ इस लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। आप इसमें गोटा पट्टी वर्क के अलावा, जरी या फिर सीक्वेंस वर्क वाले अनारकली सूट को भी ले सकती हैं।

### सलवार पैंट स्टाइल कुर्ता सेट



आजकल फैशन ट्रेंड बदलने में देर नहीं लगती है। अब सलावर सूट में भी आपको अलग-अलग डिजइन मिलते हैं। इस दिवाली आप सलवार पैंट स्टाइल कुर्ता सेट (सूट डिजाइन स्टाइल टिप्स) को वियर कर सकती हैं। ये ऑप्शन फेस्टिव सीजन के लिए बेस्ट होता है। आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। इसमें आपको नेक पर हैवी वर्क साथ में दुपट्टे पर भी हैवी वर्क मिलेगा। सूट प्रिंटेड होगा लेकिन बॉर्डर के वर्क की वजह से ये हैवी लगेगा। आप इस तरीके के सूट को वियर कर सकती हैं। डिजाइन नया है इसलिए आप इसे स्टाइल करने के बाद अलग ही नजर आएगी।

### बांधनी पैंट कुर्ता सेट

इस दिवाली आप पैंट सूट को भी वियर कर सकती हैं। इसमें आपको सीक्वेंस वर्क बांधनी, गोटा वर्क और थ्रेड वर्क बांधनी कुर्ता सेट वियर (ऑफिस फॉर्मल लुक के लिए सूट डिजाइन) कर सकती हैं। इसकी चुन्नी भी ऐसे ही प्रिंट की आपको मिलेगी। आप चाहे तो हैवी वर्क के बिना भी सिंपल कुर्ता सेट भी खरीद सकती हैं। बस आपको उसमें सुंदर लगने के लिए एक्सेसरीज को एड करना होगा। जैसे हैवी इयररिंग्स, चोकर नेकलेस या फिर हैवी दुपट्टा। ये आपके सूट लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाएंगे।

## एक्ने से लेकर टैनिंग की समस्या से निजात पाने एक्सपर्ट नुस्खे आजमाएं



स्किन को स्पॉटलेस बनाए रखने में काफी मेहनत लगती है। कभी चेहरे पर एक्ने हो जाते हैं या टैनिंग की समस्या के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं। हाल ही में डर्मेटोलॉजिस्ट आंचल पंत ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने एक्ने से लेकर ऑयली स्किन के लिए आसान उपाय बताएं हैं। चलिए जानते हैं वह नुस्खे, जो स्किन को हेल्दी बनाने का काम करते हैं।

एक्ने के लिए समस्या से परेशान हैं, तो चेहरे पर शहद का इस्तेमाल किया जा सकता है । शहद में एंटी-बैक्टी और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। एक्ने की वजह से चेहरे के आसपास रेडनेस आने लगती है, शहद के उपयोग से त्वचा लाल नजर नहीं आएगी। चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अब अपनी त्वचा पर शहद की एक पतली लेयर लगाएं। हफ्ते में 2-3 बार एक्ने पर शहद लगाने से यह समस्या कम हो जाएगी। एक्ने पर एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह सिरका स्किन के लिए हार्श होता है। इसके कारण चेहरा जल भी सकता है।

टैनिंग से छुटकारा कैसे पाएं?

धूप के अधिक एक्सपोजर के कारण टैनिंग की समस्या हो जाती है। टैनिंग के कारण चेहरे भद्दा नजर आता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। टमाटर में बेटाकेरोटिन, विटामिन सी और ई भी होते हैं। टमाटर को धोकर दो टुकड़ों को में काट लें। अब टमाटर को पूरे चेहरे पर लगाएं। करीब 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें ।

## साड़ी में दिखना चाहती हैं कर्वी तो फॉलो करें ये टिप्स



फेस्टिवल सीजन हो या फिर शादी का सीजन साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। किसी को हैवी डिजाइन वाली साड़ी पहनना पसंद होता है तो किसी को लाइट या फिर प्लेन साड़ी ज्यादा पसंद होती है। आप भी अपने हिसाब से पसंद करके साड़ी वियर करती होगी। लेकिन कई बार ऐसा होती है कि साड़ी पहनने के बाद अच्छी नहीं लगती क्योंकि उसमें हमारी फिगर कर्वी नहीं लगती। इसके लिए आपको कई सारी ऐसी टिप्स है जिन्हें फॉलो करना चाहिए। तभी आप अच्छे तरीके से साड़ी वियर कर पाएगी।

### साड़ी के फेब्रिक का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी खरीदें तो उसके फेब्रिक का खास ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि पतले होने पर अगर आप मोटे फेब्रिक की साड़ी पहनेंगी तो आप मोटी नजर आएगी। साथ ही साड़ी सही तरीके से बांध नहीं पाएंगी। इसी के साथ कर्वी फिगर भी नहीं शो हो पाएगी। इसलिए जब भी अपने लिए साड़ी खरीदें तो फेब्रिक का खास ध्यान रखें। इससे आपका लुक परफेक्ट लगो साथ ही हर कोई आपकी तारीफ करेगा।

### साड़ी के साथ खरीदें सही पेटिकोट

जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो पेटिकोट और ब्लाउज का खास ध्यान रखते हैं, ताकि साड़ी पहनें तो वो सबसे अच्छी लगे। इसके लिए हम मैचिंग पेटिकोट (सिल्क साड़ी डिजाइन) खरीदते हैं लेकिन आपको जरूरत है सही साइज का पेटिकोट खरीदने की। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनेंगी तभी साड़ी में आपका लुक परफेक्ट लगेगा। इसके लिए आजकल साड़ी ड्रेप वियर वाले पेटिकोट आते हैं। जिनमें साड़ी आसानी से बंध जाती है साथ ही इसमें शेप भी काफी अच्छी आती है।

कार्नर न्यूज

### अब महिलाओं की तरह पुरुषों के लिए भी जरूरी हो गए हैं ब्यूटी प्रोडक्ट्स

## मेंस फैशन के लिए बाजार में आ गए हैं ढेर सारे ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स, आप भी चुनिए अपनी पसंद

महिलाओं के बैग में आपको हमेशा ब्यूटी प्रोडक्ट मिल जाएंगे, लेकिन आपने शायद ही कोई पुरुष देखा हो जो ग्रूमिंग प्रोडक्टस अपने बैग में रखता हो। हालांकि, ब्यूटी प्रोडक्ट्स जितने महिलाओं के लिए ज़रूरी होते हैं उतने ही पुरुषों को भी इनकी ज़रूरत पड़ती है।

अगर आपको ऑफिस के बाद किसी पार्टी, डेट या फिर किसी से मिलने जाना हो, तो ये प्रोडक्ट्स आपके काफी काम आएंगे। चाहे आप पूरा दिन एयर-कन्डिशन्ड ऑफिस में बैठते हों और धूप में कम निकलते हों, लेकिन इसके बावजूद दिन खत्म होने तक आपका चेहरा ऑइली, बेजान और थका हुआ हो जाता है। क्योंकि आप ऑफिस में नहा नहीं सकते, इसलिए सबसे अच्छा है कि आप अपनी ग्रूमिंग किट हमेशा अपने साथ लेकर चलें।

**फेस वॉश:** आपकी ऑफिस की स्किन केयर किट में एक अच्छा फेस वॉश ज़रूर होना चाहिए। एक ऐसा फेस वॉश ढूंढ़े जो आपकी त्वचा को सूट करता हो।

**बीबी क्रीम:** पार्टी या फिर डेट के लिए बीबी क्रीम काफी काम आती है, खासकर तब जब आपके चेहरे पर पिंपल या टैनिंग हो। बीबी क्रीम पैची फ्लेकी स्किन टॉन को भी छिपा देती है। आपको मार्केट में पुरुषों के लिए खास बीबी क्रीम भी मिल जाएगी।

**मॉइश्चराइज़र:** आप कितना भी मॉइश्चराइज़र लगा लें, आपकी त्वचा के लिए हमेशा कम ही पड़ेगा, फिर चाहे आपकी त्वचा ऑइली ही क्यों न हो।





**लिप बाम:** फटे होंठ किसी को पसंद नहीं आते और खासकर जब सर्दियों हों, तो अपने पास हमेशा लिप बाम रखना चाहिए।

**कोलोन/परफ्यूम:** अगर आपका ऑफिस के बाद कोई प्लान बनता है तो इस बात का ध्यान रखें आपमें से कहीं पसीने की बदबू न आ रही हो। इसलिए हमेशा अपने ऑफिस के ड्रॉवर में परफ्यूम ज़रूर रखें।